अतिरिक्त सुविधा के लिए दो फेरों में चलेगी विशेष ट्रेन

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। रेल प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुये रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05087/05088 मऊ-आनन्द विहार



टर्मिनस-मऊ त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन मऊ से 3 एवं 10 नवम्बर को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 4 एवं 11 नवम्बर को 2 फेरों के लिये किया जायेगा। इस गाड़ी की रेक संरचना में परिवर्तन किया गया है। 05087 मऊ-आनन्द विहार टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी 3 एवं 10 नवम्बर को मऊ से 22.30 बजे प्रस्थान कर मुहम्मदाबाद से 22.55 बजे, आजमगढ़ से 23.30 बजे, दूसरे दिन खोरासन रोड से 12 बजे, शाहगंज से 1.15 बजे, जौनपुर से 1.55 बजे, जंघई से 3 बजे, प्रयाग से 5.22 बजे, प्रयागराज जं. से 5.45 बजे, गोविन्दपुरी से 8.45 बजे, टूण्डला से 12 बजे तथा गाज़ियाबाद से 16.23 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 17 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05088 आनन्द विहार टर्मिनस-मऊ त्यौहार विशेष गाड़ी 4 एवं 11 नवम्बर को आनन्द विहार टर्मिनस से 19.15 बजे प्रस्थान कर गाज़ियाबाद से 19.50 बजे, टूण्डला से 23.32 बजे, दूसरे दिन गोविन्दपुरी से 2.35 बजे, प्रयागराज जं. से 5.55 बजे, जंघई से 9.05 बजे, जौनपुर से 10.20 बजे, शाहगंज से 10.54 बजे, खोरासन रोड से 11.57 बजे, आजमगढ़ से 12.45 बजे तथा मुहम्मदाबाद से 13.17 बजे छूटकर मऊ 14 बजे पहुँचेगी। संशोधित रेक संरचना के अनुसार इस गाडी में जनरेटर सह लगेजयान के 1, सामान्य द्वितीय श्रेणी कुर्सीयान के 4, शयनयान श्रेणी के 5, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 2, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 6, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 2, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 1, एल.एस.एल.आर.डी. के 1 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

आपातकालीन परिस्थितियों में कन्ट्रोल रूम से करें सम्पर्क

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)प्रभारी अधिकारी आपदा ने बताया है कि राहत आयुक्त एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग, आंचलिक केन्द्र, लखनऊ द्वारा जारी मौसम बुलेटिन के अनुसार बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवाती मौसम तंत्र के प्रभाव से 28 एवं 29 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में तेज झोंकेदार हवाओं के साथ गरज-चमक, वज्रपात एवं भारी वर्षा की तीव्र संभावना व्यक्त की गयी है।

अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/प्रभारी अधिकारी आपदा ने निर्देश दिया कि जिला स्तरीय, तहसील स्तरीय एवं विभाग स्तरीय समस्त आपदा कंट्रोल रूम को 24×7 क्रियाशील रखा जाये। संबंधित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं सिचाई विभाग के अधिकारियों को अलर्ट मोड में रखा जाये। कृषक समुदाय हेतु फसल सुरक्षा के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों के माध्यम से किसानों को तत्काल जागरूक करें कि कटाई के लिए तैयार फसलों की शीघ्र कटाई करें। कटी हुई फसल एवं खुले में रखे अनाज को सुरक्षित एवं ढके हुए स्थानो पर पहुंचाने हेतु मुनादी एवं स्थानीय माध्यमों से सूचना प्रसारित करायी जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में जर्जर,असुरक्षित मकानों एवं ढांचों का त्वरित चिन्हांकन कर, उनमें निवास कर रहे लोगों को सुरक्षित भवनों में शिफ्ट कराया जाये। जल जमाव वाले अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भारी वर्षा के दौरान पेड़ गिरने से यातायात व्यवस्था बाधित होती है, जिसके दृष्टिगत रैपिड टीम की तैनाती सुनिश्चित कर ली जाये, जिससे आवागमन प्रभावित न होने पाये। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में ढोल, मुनादी, स्थानीय मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से वज्रपात एवं तेज हवाओं से बचाव हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये। आमजन को सचेत एवं दामिनी एप को डाउनलोड कर जारी चेतावनियों का पालन करने हेतु प्रेरित किया जाये। खराब मौसम में बाहर न निकलने की सलाह दी जाये व अनावश्यक आवागमन को नियंत्रित किया जाये।

भाषण प्रतियोगिता में वंशिका तिवारी प्रथम

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार पूर्वोत्तर रेलवे पर 26



अक्टूबर से 1 नवम्बर तक 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में सत्यनिष्ठा से समृद्धि विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में वंशिका तिवारी ने प्रथम, फरहीन ने द्वितीय एवं अभिनव सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उप मुख्य सतर्कता अधिकारियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप मुख्य सतर्कता अधिकारी विद्युत अजय ऋषि, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, यांत्रिक निकुंज सक्सेना, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, यातायात आशीष कुमार त्रिपाठी तथा विद्यालय के प्राधानाचार्य सूरज सिंह रावत, सतर्कता विभाग के निरीक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

मनुस्मृति चरितार्थ के लिए प्रभु श्रीराम का आविर्भाव-राघव

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। रामकथा मन्दाकिनी का सरसपान कराते हुए विश्वविख्यात कथावाचक राघव ऋषि ने द्वितीय दिवस दुर्गा चौक निकट मेहंदी लॉन में रहस्य उद्घाटित कर कहा कि भगवान अपने भक्तों की भक्ति सफल करने हेतु मनुष्य रूप में इस धराधाम पर पधारे। स्वकर्म का ही फल हर जीव को नियत समय परिधि में ही मिल जाता है। जब भगवान शिव की पत्नी सती की दशा संशय करने मात्र से बिगड़ी। उमा रूप में अवतरित जिन्हें पूर्व की स्मृति का भान हुआ शिव जी को अपनी अखंड तपस्या से प्रसन्न कर पतिरूप में पाकर धन्य हुईं। आज भगवान उमापति बने और उमाजी शिव को प्रसन्न जान रामजी के गूढ़ रहस्य को सुनने की जिज्ञासा व्यक्त की परिणामत: आज सम्पूर्ण चराचर के जीवों को रामकथा का अमृत प्राप्त हो रहा है। जिनकी कृपा से गूंगा भी वक्ता हो जाता है, अपंग भी चलने में समर्थ हो जाते हैं ऐसे दयालु कृपा के धाम प्रभु श्री राम ही हैं। श्रीराम जन्म का वर्णन करते हुए पूज्यश्री ने बताया कि प्रभु के अवतार का समय जान समस्त देवगण उनके स्वागत में आकाश मंडल में स्थित हो पुष्पवर्षा करने लगे। ग्रह, नक्षत्र, योग, लग्न, तारे आदि सृष्टि सहित अनुकूल हो भगवद आगमन की प्रतीक्षा करने लगे। भगवान के नवजात स्वरुप को देख भक्त श्रद्धालु बधाई वितरित कर स्वागत करने लगे। जन्मे अवध में राम मंगल गाओ री मोहक मधुर भजन सौरभ ऋषि ने सुना भक्तों को झूमने पर विवश किया।मीडिया प्रभारी विनोद शुक्ल ने बताया कि शुक्रवार के प्रसंग में प्रभु राम की विहंगम बाललीलाओं पर पूज्य ऋषिजी प्रकाश डालेंगे।

ठहराव में संशोधन

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। रेल प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु 19045/19046 सूरत-थावे एक्सप्रेस के छपरा स्टेशन पर ठहराव समय में संशोधन किया गया है। फलस्वरूप संशोधित समयानुसार सूरत से 1 नवम्बर से चलने वाली 19045 सूरत-थावे एक्सप्रेस छपरा 17.50 बजे पहुँचकर 18.10 बजे छूटेगी तथा थावे से 3 नवम्बर से चलने वाली 19046 थावे-सूरत एक्सप्रेस छपरा 8.25 बजे पहुँचकर 8.45 बजे छूटेगी।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम संतोष चौहान से बदलकर संतोष रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना पहचान जाए। संतोष पुत्र राम उजागिर निवासी तिरुखा, जगदीशपुर, जिला बस्ती।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम NASRTEY ALAM से बदल कर NASRE ALAM रख लिया है, अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। **नसरे आलम** पुत्र मोहम्मद यासीन, ग्राम मस्जिदिया टोला, पोस्ट टेकुआतार, जिला कुशीनगर, 274305.

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम कपिल देव शर्मा पुत्र राम नारायन शर्मा था परंतु अब मैं अपना नाम बदलकर कपिल देव पुत्र राम नारायन शर्मा रख लिया है जाए अब मुझे कपिल देव के नाम से जाना पहचाना जाय। **कपिल देव** पुत्र राम नारायन शर्मा, ग्राम कोटवा भरतपुर पोस्ट गांधीनगर बस्ती

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा नं.-2 गोरखपुर द्वारा मेरे जीवन पर जारी पालिसी संख्या 292764239 में मेरा पुकार नाम कृष्ण कुमार पाठक दर्ज हो गया है। जबकि आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक में मेरा सही नाम गणेश कुमार पाठक है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है। अब मुझे गणेश कुमार पाठक के नाम से जाना व पहचाना जाये। **गणेश कुमार पाठक** पुत्र श्री जगदीश पाठक, ग्राम-बेलपार, पो.-ऊंचगांव, जिला-गोरखपुर (उ.प्र.)

सूचना-सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा महराजगंज द्वारा मेरे जीवन पर जारी पालिसी संख्या 293712707 में मेरा नाम नैना मद्धेशिया पुत्री रमेश कुमार मद्धेशिया दर्ज है जबकि सभी अभिलेखों में मेरा सही नाम अंशिका मद्धेशिया पुत्री रमेश कुमार मद्धेशिया है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **अंशिका मद्धेशिया** पुत्री रमेश कुमार मद्धेशिया पता- वार्ड नं 10, प्रेम चित्र मंदिर रोड सिसवा बाजार, जिला -महराजगंज, उ. प्र.।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मिथलेश सिंह बदलकर मिथलेश रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **मिथलेश** पुत्र रामवृक्ष ग्राम जंगल एकला नं 2 पिराडा टोला पो0 व थाना गुलहरिया, जिला गोरखपुर 273013

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अखिलेश दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम अखिलेश कुशवाहा दर्ज है। मुझे अखिलेश कुशवाहा के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए। **अखिलेश कुशवाहा** पुत्र मोती कुशवाहा, ग्राम खेरिया, पोस्ट मिर्जापुर, जनपद देवरिया (उ.प्र.)

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मोहन यादव अंकित हो गया है ।जो गलत है। जबकि मेरा सही नाम आदर्श यादव है। यही नाम सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रो में है ।मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। **आदर्श यादव** पुत्र बलिस्टर यादव ग्राम व पोस्ट पिपरा उत्तरपट्टी जिला देवरिया

Notice- I, HAV **Sher Bahadur Thapa** S/o Late. Ker Singh Thapa presently serving in the Indian Army, hereby declare that my old home address recorded in my service documents is Village Dak Line P.O.& P.S. Kohima, Tehsil Kohima, Distt Kohima, State Nagaland, PIN 797001, whereas my new home Address Mahendra Nagar, Ward No. 13. Post & P.S. Nautanwa Tehsil-Nautanwa, Distt. Maharajganj State U.P. Pin (273164)

सूचना-शपथपूर्वक सूचित किया जाता है कि मैं **अनन्या** पुत्री श्री दयाशंकर ग्राम-तिलौली, सरदारनगर गोरखपुर की निवासी हूं मेरे पिता द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी सं. 292707165 मेरे उपनाम कुमारी प्रीती से लिया गया था। दोनों नाम मेरा है। इस नाम पता की कोई लड़की मेरे गांव में नहीं है। मेरा बैंक खाता पी.एन.बी. चौरीचौरा गोरखपुर में खाता सं. 6501000100184156 अनन्या नाम से है। सभी स्वीकारोक्ति सत्य है। कोई बात छिपायी नहीं गयी है।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैंने अपना नाम MOH SHAHID ALI से बदल कर MOHD SHAHID ALI S/O BARSATI कर लिया हैं। अब मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। पता-52 घोसीपुरवा, गोरखपुर 273007

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम VIKAS से बदलकर VIKAS HARIHAR KANOJIYA रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। VIKAS HARIHAR KANOJIY पुत्र HARIHAR ग्राम-भैसठ पोस्ट-बखिरा जिला-संतकबीरनगर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SHILA PANDEY से बदल कर SHEELA PANDEY रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। SHEELA PANDEY पत्नी दिनेश चंद्र पांडेय ग्राम बेवा जियाउद्दीन पोस्ट बेवा चौराह, थाना डुमरियागंज, जिला सिद्धार्थनगर 272191

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ANWARUL HAQUE से बदलकर ANWARUL HAQ रख लिया है।अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। ANWARUL HAQ पुत्र वकार हुसैन ग्राम परसा हुसेन पोस्ट कठौतिया आलम जिला सिद्धार्थनगर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखा नं.-एक, गोरखपुर द्वारा मेरे जीवन पर जारी पालिसी संख्या 295550868 में मेरा नाम सोनभद्र सिंह दर्ज हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है। जबकि मेरा सही नाम सोनू सिंह है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **सोनू सिंह** पुत्र साधू सिंह, ग्राम व पोस्ट--मैनाभागार, जिला-गोरखपुर (उ.प्र.)।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2007, अनुक्रमांक 2103416 व इंटरमीडिएट वर्ष 2009, अनुक्रमांक 1425400 का अंकपत्र सह प्रमाण वास्तव में कहीं खो गया है। **रितेश कुमार** पुत्र नेबूलाल, निवासी ग्राम-बडैला, पोस्ट- कोडरी, थाना व तहसील- गोला, जिला गोरखपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम MOHAMMAD NAJEER से बदलकर MOHAMMAD NAZIR ANSARI रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। MOHAMMAD NAZIR ANSARI पुत्र JAMEEL AHMAD ग्राम-मरसठवा पोस्ट-गणेशपुर जिला-बस्ती।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा जन्म प्रमाण पत्र में दिव्यांका गुप्ता है जो बिल्कुल गलत है, जबकि मेरा सही नाम 'दिव्यांका निगम' है, जो मेरे आधार कार्ड में भी अंकित है। अत: मेरा नाम **दिव्यांका निगम** पुत्री जितेंद्र कुमार निगम जाना व पहचाना जाए। रुद्रपुर (शिवाला वाडी), देवरिया के नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 2381287 का मूल प्रमाणपत्र-वास्तव में खो गया है। **श्वेता गोड़** पुत्री श्री सुरेन्द्र गोंड़, दजगदीशपुर, रमवापुर, संत कबीरनगर।

सूचना-सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2009 अनुक्रमांक 2374204 का सनद खो गया है। **कु. रंजना वर्मा** पुत्री चंद्रभान वर्मा, जय प्रकाश नगर पड़रौना पोस्ट पड़रौना जिला कुशीनगर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सुनील से बदलकर सुनील गौड़ रख लिया है ।अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **सुनील गौड़** पुत्र लाल बचन ग्राम जंगल गौरी नंबर दो उर्फ अमहिया जिला गोरखपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सुबास से बदलकर सुबास कुमार रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाय। **सुबास कुमार** पुत्र रामलाल चौरसिया निवासी ग्राम कोटिया, पोस्ट दुघरा, जिला गोरखपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम लवकुश से बदलकर लवकुश चौधरी रख लिया है ।अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **लवकुश चौधरी** पुत्र श्री प्रभु नाथ चौधरी ग्राम धौंसा पोस्ट कनैचा कौरीराम थाना बांसगांव जिला-गोरखपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा उत्तर प्रदेश डेन्टल काउन्सिल लखनऊ द्वारा जारी बी.डी.एस. परीक्षा वर्ष 2013 का प्रमाणपत्र संख्या-12163 वास्तव में खो गया है। **नीलम (कु.)** पुत्री श्री गोरख प्रसाद, बेनीगंज, ईदगाह रोड, पो.-दीवान बाजार, जिला-गोरखपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भवन संख्या 87 मेरा नाम अमरेन्द्र नाथ दर्ज हो गया है। जो कि त्रुटिपूर्ण है। आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम अमरनाथ गुप्ता है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **अमरनाथ गुप्ता** पुत्र जमुना प्रसाद गुप्ता, 528, बक्शीपुर, गोरखपुर।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइवरी लाइसेंस एवं निर्वाचन कार्ड में मेरा नाम चन्दू दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है। आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम चन्दू निषाद है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **चन्दू निषाद** पुत्र श्री अधारे, ग्राम-रामपुर चक, पो.-मानीराम, जिला-गोरखपुर (उ.प्र.)।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 अनुक्रमांक 2267335874 का मूल प्रमाणपत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में खो गया है। **आदर्श यादव** पुत्र श्री बेचई यादव, ग्राम व पोस्ट-बंजरिया (पूरवा बाजार), उरुवा बाजार, जिला-गोरखपुर।

विद्यावती देवी महाविद्यालय,

वैष्णवीनगर (झरही), तमकुहीराज, कुशीनगर

सम्बद्धः दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर

आवश्यकता है

- स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत एम.ए. पाठ्यक्रम में हिन्दी प्रवक्ता: 01 पद एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत बी.सी.ए. पाठ्यक्रम में बी.सी.ए. प्रवक्ता- 02 पद हेतु यू.जी.सी. शासनानुसार पी.जी., नेट/पी.एच.डी. योग्यता अनिवार्य है।
- विज्ञापन प्रकाशन के 21 दिन के अन्दर अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों को स्वयं अथवा डाक द्वारा महाविद्यालय कार्यालय में जमा करें।
- यू.जी.सी. व विश्वविद्यालय के मानकानुसार योग्यता जरूरी है।

प्रबन्धक-**बी. राय, मो.-9415752158, कार्यालय-9792200919**

'इंफीनिक ' में कल्पना को मिलेगा नवाचार का विस्तार, विज्ञान प्रदर्शनी कल

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। द पिलर्स सिक्स्टौर में 31अक्टूबर को आयोजित होने जा रही विज्ञान प्रदर्शनी 'बियॉन्ड बेसिक्स 4.0 इंफीनिक द इंफीनिट यूनिवर्स ऑफ़ इन्नोवेशन 'को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानाचार्या डॉ. तनुजा त्रिवेणी झा ने प्रदर्शनी की परिकल्पना, शैक्षिक उद्देश्यों एवं प्रमुख आकर्षणों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वैज्ञानिक जिज्ञासा, प्रयोगात्मक अधिगम, सृजनात्मक चिंतन और समस्या-समाधान के व्यावहारिक अवसर प्रदान करना है।

प्रदर्शनी की मुख्य अतिथि प्रो. अनुपमा कौशिक शर्मा, कुलपति, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. विजय कुमार वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर एवं पूर्व इसरो वैज्ञानिक, एमएमएमयूटी होंगे। मॉडलों के मूल्यांकन हेतु निर्णायक मंडल में डॉ. आर. के. यादव, रसायन विज्ञान विभाग एमएमएमयूटी, डॉ. हरीश चन्द्र, गणित विभाग एमएमएमयूटी, तथा डॉ. नितेश शुक्ला, भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष, डी.वी.एन.पी.जी. कॉलेज शामिल होंगे। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, सतत कृषि, स्मार्ट यातायात व्यवस्था, स्वचालन, आधुनिक चिकित्सा प्रौद्योगिकी तथा वैज्ञानिक अन्वेषण से संबंधित नवाचार प्रमुख आकर्षण होंगे। इन प्रकल्पों के माध्यम से विद्यार्थियों की



❖ 'बियॉन्ड बेसिक्स 4.0 द इंफीनिट यूनिवर्स ऑफ़ इन्नोवेशन' के अंतर्गत विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं सृजनात्मक चिंतन का संगम

वैज्ञानिक समझ, रचनात्मकता और समकालीन चुनौतियों के समाधान तलाशने की क्षमता प्रदर्शित होगी। प्रधानाचार्या डॉ. तनुजा त्रिवेणी झा ने कहा कि इंफीनिक विद्यार्थियों को अपनी कल्पनाओं को प्रयोगों के माध्यम से परखने और नवीन विचारों को व्यावहारिक स्वरूप देने का अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम के वरिष्ठ प्रभारी नीरज सिंह एवं कृत्तिका सिंह ने भी प्रदर्शनी की तैयारियों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता पर प्रकाश डालते हुए इसे अनुभवात्मक अधिगम और वैज्ञानिक अभिरुचि के विकास का महत्वपूर्ण मंच बताया। मीडिया प्रभारी एवं प्रशासनिक अधिकारी उन्मेष शुक्ल ने जानकारी दी कि यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुभवात्मक एवं नवाचारपरक शिक्षा की भावना तथा विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय संकल्प के अनुरूप विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती है। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं अन्य विशेषज्ञता क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. आर. के. सी. मिश्रा, डॉ. वाई. सिंह, डॉ. शिव शंकर शाही, डॉ. रवि राय, डॉ. आनन्द बंका, डॉ. अजीत चौधरी, डॉ. एम. के. गुप्ता, डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. आनन्द जायसवाल, डॉ. विनय राय, डॉ. वी. पी. सिंह, डॉ. ए. के. सिंह, डॉ. अमित, डॉ. योगिता भाटिया, डॉ. के. एन. द्विवेदी, डॉ. गीता दत्त, धर्मेन्द्र चन्द, अनन्य प्रताप सिंह, कर्नल बी. पी. शाही तथा सूर्य प्रताप शाही की उपस्थिति रहेगी।

करवा चौथ पर माँ गंगा का श्रृंगार कर हुई महाआरती

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। सूर्यकुण्ड धाम जीर्णोद्धार समिति की द्वारा करवा चौथ पर माँ गंगा आरती वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। आरती टोली की उपाध्यक्ष हेमा शर्मा ने माँ गंगा का श्रृंगार कर पूजन किया तत्पश्चात भगवान लक्ष्मी नारायण की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन अर्चन किया गया।



जिसके बाद शुरू हुआ सूर्यकुण्ड धाम की पावन गंगा आरती रिमझिम हो रही बारिश के बीच महाआरती लगभग एक घंटे तक चली गंगा आरती के भक्ति माहौल में लोग खो गए। समिति के अध्यक्ष अमरदीप गुप्ता ने पौराणिक कथाओं के अनुसार, पति की लम्बी उम्र के लिए रखे जाने वाले इस व्रत की परंपरा सतयुग से चली आ रही है। इसकी शुरुआत सावित्री के पतिव्रता धर्म से हुई। पौराणिक कथा के मुताबिक, जब यम सावित्री के पति को अपने साथ ले जाने के लिए आए तो, सावित्री ने उन्हें रोक दिया और अपनी दृढ़ प्रतिज्ञा से अपने पति को वापस पा लिया। तभी से पति की लम्बी उम्र के लिए महिलाएं व्रत रखती हैं। एक अन्य कहानी उन्होंने बताया पांडवों की पत्नी द्रौपदी से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, वनवास काल में अर्जुन तपस्या करने नीलगिरि पर्वत पर चले गए थे, तब द्रौपदी ने अर्जुन की रक्षा के लिए भगवान कृष्ण से मदद ली। भगवान कृष्ण ने द्रौपदी को वैसा ही उपवास रखने को कहा जैसा माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए रखा था। इसके बाद द्रौपदी ने भी ऐसा ही किया और कुछ ही समय के बाद अर्जुन सुरक्षित वापस लौट आए। इसके बाद से ही करवा चौथ का व्रत रखने की परंपरा शुरू हो गई। शास्त्रों के अनुसार, इस दिन चंद्रमा की पूजा सौभाग्य, पुत्र, धन-धान्य,पति की रक्षा और संकट टालने के लिए की जाती है।

रणजीत बहादुर सिंह के निधन पर शोक जताया

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। समाचार पत्र विक्रेता संघ की एक शोक सभा टाउन हाल के मैदान में जिलाध्यक्ष उमाशंकर मझवार की अध्यक्षता में हुई। पत्रकार एवं समाजिक कार्यकर्ता तथा अधिवक्ता रणजीत बहादुर सिंह का निधन घर पर महुई सुघरपुर में हुआ। इनका दाहसंस्कार राप्ती नदी के तट पर रामघाट पर सम्पन्न हुआ अपने पीछे दो पुत्र छोड़ गये है। दो मिनट मौन रह कर ईश्वर से प्रार्थना किया गया कि भगवान उनकी आत्मा को शान्ती प्रदान करें। इनके दो पुत्र सत्यम सिंह वं शिवम सिंह है ये कैसर रोग से पीड़ित थे जिसका गोरखपुर में चल रहा था। यह कई प्रेस में कार्य कर चुके है। समाजिक नेता व बक्ता भी थे। इनका उम्र करीब 72 वर्ष था। सभा में हर्षवर्धन शाही, दीप्त भानूडे, रत्नाकर सिह एडवोकेट, राणा सिह, अरविन्द कुमार सिंह, विजय सिंह, गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व राधेश्याम सिंह, विजय यादव, महेन्द्र सिंह राणा, रामाज्ञा निषाद, विजय कुमार निषाद, सुबाष चन्द्र मझवार, विजय कुमार गुप्ता, अजय कुमार मझवार, विमल आदि उपस्थित थे।

निरंकारी सामूहिक विवाह समारोह में 126 नवयुगल परिणय सूत्र में बंधे

गोरखपुर, २९ अक्टूबर। जहाँ सतगुरु का पावन आशीर्वाद, प्रेम और आध्यात्मिकता का संगम हो, वहाँ हर मंगलमय पल एक दिव्य अनुभूति बन जाता है। 79वें निरंकारी संत समागम के समापन उपरांत समालखा के पावन मैदानों में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की दिव्य उपस्थिति में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 126 नवयुगलों ने परिणय सूत्र में बंधकर अपने नवजीवन का शुभारंभ किया।कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक जयमाला एवं निरंकारी सांझा-हार से हुआ, जिसे मिशन की प्रधान आदरणीय राजकुमारी जी एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी नवविवाहित जोड़ों को पहनाकर उनके सुखमय नवजीवन की मंगलकामना की। इसके पश्चात



हिंदी में भक्तिमय निरंकारी लावों का गायन हुआ, जिनमें विश्वास, सम्मान एवं समर्पण पूर्ण गृहस्थ जीवन की शिक्षाएँ समाहित थीं। अंत में सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्पवृष्टि कर उन्हें सुख, शांति एवं आनंदमय जीवन का आशीर्वाद प्रदान किया।सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों में नवविवाहित जोड़ों को प्रेरित करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह का भाव केवल एक आयोजन तक सीमित न रहकर जीवन जीने का ढंग बनना चाहिए। विवाह जीवनभर प्रेम, आदर और समर्पण से निभाया जाने वाला पवित्र रिश्ता है, जिसे दोनों परिवारों के आपसी सम्मान और स्नेह से और भी सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उक्त जानकारी मीडिया सहायक सत्येंद्र मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि इस समारोह में सतगुरु माता जी के सान्निध्य में भारत के विभिन्न राज्यों बिहार, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं पश्चिम बंगाल सहित ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड और कनाडा से आए नवयुगलों ने सहभागिता की।

श्री तुलसीदास उदयराज संस्कृत महाविद्यालय चित्राखोर-बरहुआ (बनकटी)-बस्ती

उ०प्र० शासन द्वारा प्रभावी आरक्षण नियमावली एवं अनुमन्य वेतनमान में पूर्णकालिक एवं अनुदानित पदों पर श्री तुलसी दास उदयराज संस्कृत महाविद्यालय चित्राखोर बनकटी बस्ती में अधोलिखित पदों पर नियुक्ति आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते हैं-

1- अध्यापक नव्य व्याकरण 1 पद (अना०)
2- सहायक अध्यापक साहित्य- 1 पद (अना०)
3- अध्यापक आधुनिक विषय (हिन्दी) 1 पद (अना०)

योग्यता - सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर कम से कम द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण। परम्परागत उपाधि को वरीयता।

विशेष-प्रबन्धक के पक्ष में देय किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत रुपये एक हजार (1000) का बैंकड्राफ एवं समस्त शैक्षिक योग्यता के अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों आधार कार्ड की छायाप्रति की स्व प्रमाणित दो प्रतियों के साथ पंजीकृत पत्र के माध्यम से प्रत्येक आवेदन पत्र इस विज्ञापन निर्गत होने की तिथि से 21 दिनों के अन्तर्गत प्रबंधक के निम्नांकित पते पर प्राप्त होना आवश्यक है। अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

प्रबन्धक
श्री तुलसी दास उदय राज संस्कृत महावि०
चित्राखोर, बनकटी बस्ती
पिन कोड- 272123

अखिलेश चन्द द्वारा ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंकरोड, गोरखपुर से मुद्रित एवं ज्ञानमण्डल लिमिटेड लाहिड़ी बिल्डिंग बैंक रोड गोरखपुर से प्रकाशित

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय व्यवस्थापक : अखिलेश चन्द

वाराणसी	:	सन्त कबीर मार्ग
प्रयागराज	:	३, लीडर रोड
कानपुर	:	बांसमण्डी
लखनऊ	:	१, जापलिंग रोड
आगरा	:	महात्मा गांधी रोड
बरेली	:	रोड नं.-३, परसाखेड़ा
पटना	:	फ्रेजर रोड
रांची	:	नामकुम इंडस्ट्रीयल एरिया
जमशेदपुर	:	कालीमाटी रोड

पंजीयन संख्या-आर.एन. ३८७१०/८१

दूरभाष : २२०१८७६

फैक्स : २३३१२१२

e-mail-aj_gorakhpur@yahoo.com

ajgorakhpur@gmail.com

पी.आर.बी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद गोरखपुर न्यायालय के अधीन होगा।

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबंधक